राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर– 302018

Rajasthan Staff Selection Board, Jaipur – 302018

रजि. डाक

Website : www.rsmssb.rajasthan.gov.in Tel. : 0141-2552796

प.26(13)/RSMSSB/परि.//कनि.अनु./पात्रता जांच/2018/2653 दिनांक: 30/01/2023

–:: कार्यालय आदेश ::–

कनिष्ठ अनुदेशक(कार्यशाला गणना एवं विज्ञान) सीधी भर्ती–2018

कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता(प्राविधिक शिक्षा प्रशिक्षण) विभाग के लिये राजस्थान तकनीकी प्रशिक्षण अधीनस्थ सेवा नियम–1975 एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालियक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अन्तर्गत कनिष्ठ अनुदेशक सीधी भर्ती–2018 गैर अनुसूचित क्षेत्र एवं अनुसूचित क्षेत्र में भर्ती हेतु विज्ञापन संख्या 08/2018 दिनांक 25.04.2018 जारी किया गया था। कनिष्ठ अनुदेशक (कार्यशाला गणना एवं विज्ञान) सीधी भर्ती–2018 में गैर अनुसूचित क्षेत्र में 34 एवं अनुसूचित क्षेत्र में 09 पदों पर भर्ती हेतु संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 06.04.2022 को जारी कर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। बोर्ड द्वारा उक्त पदों पर भर्ती हेतु परीक्षा दिनांक 10.09.2022 को आयोजित करवाई गई थी। बोर्ड द्वारा दिनांक 14.10.2022 को परीक्षा परिणाम जारी कर श्रेणीवार रिक्त पदों पर अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों के सत्यापन के लिये दिनांक 10.11.2022 एवं 11.11.2022 को सूचीबद्ध कर दस्तावेज सत्यापन किया गया था। उक्त भर्ती में दस्तावेज सत्यापन में अनुपस्थित रहे सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों के सत्यापन के संबंध में निम्नानुसार कार्यवाही की जानी है :–

1. पात्रता की जांच हेतु गठित टीमों द्वारा कनिष्ठ अनुदेशक (कार्यशाला गणना एवं विज्ञान) सीधी भर्ती–2018 में दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों का सत्यापन मूल दस्तावेजो से किया जायेगा।
2. दस्तावेज सत्यापन की जांच हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन पत्र दिनांक 02.02.2023 से दिनांक 06.02.2023 तक ऑनलाईन ही भरेंगे तथा दस्तावेज सत्यापन की फीस भी ऑनलाईन जमा करवायेंगे। उक्त विस्तृत आवेदन को भरने के लिए अभ्यर्थी को अपनी SSO ID पर जाकर RECRUITMENT PORTAL पर जाकर MY RECRUITMENT उसके बाद DETAILED FORM CUM SCRUTINY पर जाकर संबंधित भर्ती के नाम के लिंक के सामने Apply Now पर जाकर विस्तृत आवेदन भर फीस जमा करावें।
3. अभ्यर्थी उक्त ऑनलाईन विस्तृत आवेदन की प्रकिया पूर्ण कर इसकी दो प्रति एवं जमा फीस की प्रति प्रिन्ट कर दस्तावेज सत्यापन के लिए अपने साथ लायेगा।
4. ऑनलाईन आवेदन में फीस में छूट लेने वाले अभ्यर्थी आय प्रमाण पत्र साथ लेकर आयेंगे।
5. अभ्यर्थी शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, मूल निवास, आचरण, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल, राष्ट्रीयता, सेवारत होने संबंधी मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर– 302018

Rajasthan Staff Selection Board, Jaipur – 302018

रजि. डाक

Website : www.rsmssb.rajasthan.gov.in Tel. : 0141-2552796

पहचान पत्र आवश्यक रूप से अपने साथ लायेंगे।

6. जिन अभ्यर्थियों ने ऑनलाईन आवेदन में CITS एवं अनुभव का उल्लेख किया है, वे अभ्यर्थी CITS प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र संबंधी दस्तावेजों की मूल प्रमाणित प्रति आवश्यक रूप से साथ लावें।
7. अभ्यर्थी प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करेंगे।

कनिष्ठ अनुदेशक के पद के लिए सूचीबद्ध अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन एवं पात्रता की जांच **दिनांक 06.02.2023 को राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्री सर्कल, आई.टी. आई. चौराहा, जोधपुर में** किया जायेग। अतः दस्तावेज सत्यापन एवं पात्रता की जांच हेतु सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे उनके रोल नम्बर के आगे अंकित दिनांक को निर्धारित स्थान पर अपने समस्त मूल दस्तावेजो के साथ उपस्थित होवें, जो निम्नानुसार है:–

कनिष्ठ अनुदेशक(कार्यशाला गणना एवं विज्ञान) सीधी भर्ती–2018

गैर–अनुसूचित क्षेत्र

रोल नम्बर						दिनांक
800561	800803	800891	800907	801245	801672	**06.02.2023**

यदि उपरोक्त अभ्यर्थी उक्त निर्धारित दिनांक एवं स्थान पर पात्रता की जांच हेतु उपस्थित नहीं होते हैं तो इनका कनिष्ठ अनुदेशक के पद पर किया गया अस्थाई चयन **निरस्त** कर दिया जावेगा।

(सुनील पूनियाँ)
सचिव